>

Title : Need to check the emission of gases and pollution caused by chemical manufacturing units in Ujjain district of Madhya Pradesh posing grave threat to human life and environment.

श्री प्रेमचन्द गुड्डू (उज्जैन): मध्य प्रदेश के जिला उज्जैन नागदा में ग्वालियर केमिकल इण्डस्ट्रीज एवं आर्केमा केमिकल इण्डस्ट्रीज द्वारा निर्मित एल्यूमिनियम क्लोराइड से निकलने वाली क्लोरिन गैस तथा एसिड से आम जन जीवन, फसलें, चंबल नदी का जल प्रभावित हो रहा है। ग्वालियर केमीकल इण्डस्ट्रीज, आर्केमा केमिकल इण्डस्ट्रीज को मध्य प्रदेश प्रदूषण निवारण मण्डल द्वारा लाइसेंस देकर विदेशी कम्पनियों के साथ एग्रीमेंट के साथ दोनों इण्डस्ट्रीज को बेचा जा रहा है।

मध्य प्रदेश में सन् 1984 में भोपाल स्थित अमेरिकन कम्पनी यूनीयन कार्बाइड से गैस रिसने के कारण एक बहुत बड़ा हादसा हो गया था। इसी प्रकार ग्वालियर केमिकल इण्डस्ट्रीज एवं आर्केमा केमिकल इण्डस्ट्रीज द्वारा निर्मित एल्यूमिनियम क्लोराइड से निकलने वाली क्लोरिन गैस तथा एसिड से भी बड़ा हादसा होने की पूरी संभावना है।